**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–25.07.2026 (सुबह–0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक मामलों के लिए फास्ट–ट्रैक अदालत बनाने और कड़ी सजा वाले कड़े मसौदा विधेयक को दी मंजूरी, अगले सप्ताह संसद में होगा पेश।**

2. **झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा अनियमितता की जांच कर रही सीआईडी की टीम ने तीन और आरोपियों को किया गिरफ्तार, कुल गिरफ्तारियों की संख्या हुई आठ।**

3. **रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथपुर इलाके में आज पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है घुरती रथ मेला, सुरक्षा के लिए पुलिस का विशेष गश्ती दल सक्रिय।**

4. **राज्य में मानसून की बेरुखी से अब तक 28 प्रतिशत कम बारिश दर्ज, विधानसभा के मानसून सत्र में गूंजेगा पलामू में खरीफ का रकबा घटकर महज एक–चौथाई रहने का मामला।**

5. **रांची के खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले आज, बालिका वर्ग में रांची और बालक वर्ग में लोहरदगा की टीमें अंतिम चार में शामिल।**

************************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों में फास्ट–ट्रैक अदालत बनाने और कड़ी सज़ा के लिए एक मसौदा विधेयक को मंजूरी दे दी। संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने की संभावना है।

************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर अपने एक वीडियो को मिले जबरदस्त जन–समर्थन और युवाओं के रचनात्मक सुझावों के लिए देश के युवाओं का आभार व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए युवाओं को धन्यवाद देते हुए उन्होंने बताया कि इस वीडियो को अब तक 30 करोड़ 30 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है, जो इसके रिलीज होने के पहले 24 घंटों में सबसे अधिक देखा जाने वाला एक नया रिकॉर्ड बन गया है।

************************

नीट पेपर लीक मामले पर विपक्ष के हमलों के बीच भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने स्पष्ट किया है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान किसी भी हाल में अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। भाजपा नेता दीपक प्रकाश ने विपक्ष की मांगों को राजनीति से प्रेरित बताया।

************************

झारखंड लोक सेवा आयोग– जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले में सीआईडी ने परीक्षा संचालक एजेंसी टीडीपीएल के तीन और कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है, जिसके बाद कुल गिरफ्तारियों की संख्या आठ हो गई है। जांच टीम ने रांची के दो होटलों में छापेमारी कर डिजिटल उपकरणों को जब्त किया है और परीक्षा परिणामों में संभावित हेरफेर तथा एजेंसी को काम सौंपने की प्रक्रिया की फोरेंसिक जांच की जा रही है।

************************

डीजीपी तदाशा मिश्रा के निर्देश पर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य में बढ़ते अपराध और गैंगस्टरों पर काबू पाने के लिए डीएसपी रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल –एसआईटी का गठन किया है। यह टीम कुख्यात अपराधियों का डेटाबेस तैयार कर उनके नेटवर्क, फंडिंग और सहयोगियों पर कड़ी नजर रखेगी और जिला पुलिस के साथ मिलकर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

************************

धनबाद के गोविंदपुर क्षेत्र में सीआईएसएफ ने विशेष अभियान चलाकर तिवारी बस्ती के पास से छह हाइवा में लदा 78 टन से ज्यादा अवैध कोयला जब्त किया है। गृह मंत्रालय के जीरो कोल लीकेज मिशन और एमएमडीआर अधिनियम के तहत की गई इस कार्रवाई के बाद जब्त कोयले को बीसीसीएल प्रबंधन को सौंपकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

************************

हजारीबाग के माई भारत स्वयंसेवक महेश कुमार महतो को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट योगदान के लिए यूथ एवरेस्ट फाउंडेशन द्वारा प्रतिष्ठित हिंदुस्तान यूथ आइकॉन अवॉर्ड 2026 के लिए चुना गया है। स्वयं 36 बार रक्तदान करने और हजारों सामाजिक अभियानों का नेतृत्व करने वाले महेश इस राष्ट्रीय उपलब्धि से बेहद उत्साहित हैं।

************************

रांची के धुर्वा स्थित ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर में आज घुरती रथ यात्राके मुख्य धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही प्रसिद्ध मेले का आयोजन हो रहा है। इस पावन अवसर पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए धुर्वा थाना क्षेत्र में पुलिस बल की विशेष गश्ती और चाक–चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सक्रिय कर दी गई है।

************************

श्रावणी मेले को लेकर जसीडीह स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए आरपीएफ आईजी ए. एन. सिंह ने औचक निरीक्षण किया, जहां संदिग्धों की तुरंत पहचान के लिए पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। आईजी ने स्टेशन पर यात्रियों के लिए बनाए जा रहे होल्डिंग एरिया, कंट्रोल रूम और भीड़ प्रबंधन का जायजा लिया तथा बताया कि मेला विशेष ट्रेनों और नियमित गाड़ियों में आरपीएफ की विशेष गश्त तैनात रहेगी।

************************

रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक ने जन–वार्तालाप कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सुखदेवनगर और पहाड़ी मंदिर क्षेत्र के स्थानीय प्रबुद्धजनों और पार्षदों के साथ कानून–व्यवस्था पर समीक्षा बैठक की है। एसएसपी ने थाना प्रभारियों को स्कूल–कॉलेजों के पास छात्राओं की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी और नियमित गश्ती बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, साथ ही आगामी सावन माह में पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुगम दर्शन, बैरिकेडिंग और पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था के लिए पूजा समिति से महत्वपूर्ण सुझाव मांगे हैं।

************************

रांची पुलिस ने रथ मेला में सक्रिय मोबाइल छिनतई और चोरी के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 2 अपराधियों को गिरफ्तार किया है, साथ ही एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, इन आरोपियों ने 22 जुलाई को मेले में एक स्कूटी सवार महिला से मोबाइल छीना था और 23 जुलाई की रात धुर्वा थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इनके पास से चोरी के सामान बरामद किए गए हैं।

************************

राज्य में कम बारिश से खरीफ फसलों पर संकट गहरा गया है। विशेषकर पलामू जिले में 1 लाख 35 हजार हेक्टेयर के मुकाबले महज 30 हजार हेक्टेयर में ही खेती हो सकी है। राज्य के इस गंभीर कृषि संकट को लेकर जनप्रतिनिधियों ने झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र में विशेष चर्चा की मांग उठाने की घोषणा की है।

************************

रांची के खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय द्वितीय लिटिल चौम्प्स फुटबॉल प्रतियोगिता के निर्णायक दौर में बालिका वर्ग से रांची, गिरिडीह, सिमडेगा और साहेबगंज तथा बालक वर्ग से लोहरदगा, पाकुड़, रामगढ़ और गिरिडीह की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। आज प्रतियोगिता का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले होंगे।

************************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पेपर लीक संशोधन विधेयक कैबिनेट से मंजूर होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– सीजेपी का दावा– नीट पेपर लीक पर जान दे चुके बच्चों के परिजनों को 1–1 करोड़ देगा केन्द्र।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– खूंटी के दो श्रमिकों समेत तीन के शव सिक्किम से लाये गये।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– डूरंड कप के लिए रांची तैयार, मुकाबले कल से।

**दैनिक जागरण** लिखता है– झारखंड में नहीं बढ़ेगी एसआईआर की अवधि।

************************